पेज थ्री
देहरादून

देहरादून शुक्रवार 22 मई 2020



कोरोना योद्धाओं को सम्मानित करते हुए मसूरी विधायक गणेश जोशी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### विस अध्यक्ष ने दी केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन को बधाई

**संवाददाता** देहरादून। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को डब्ल्यूएचओ के 34 सदस्यीय कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने स्वास्थ्य मंत्री को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को नई जिम्मेदारी मिलने से डब्लूएचओ में भारत की भूमिका एवं विश्व में देश का कद और भी अधिक बढ़ गया है। उन्होंने कहा की डब्ल्यूएचओ से न सिर्फ उनके अनुभवों का लाभ मिलेगा, बल्कि दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य संगठन में भारत अपना पक्ष मजबूती से रख सकेगा।

### मसूरी विधायक ने कोरोना योद्धाओं को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। दून के डाकरा में 55 कोरोना योद्धाओं को मसूरी विधायक गणेश जोशी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इन सभी कोरोना योद्धाओं द्वारा महामारी के समय आम जनमानस को भोजन उपलब्ध कराने का काम किया है। विधायक गणेश जोशी ने कहा कि लाकडाउन की अवधि के दौरान भाजपा कार्यकर्ता लगातार जनसेवा के कार्यों में लगा रहा। उन्होंनें पशुओं को चारा एवं पानी देने वाले कार्यकर्ता की भी सराहना की।

### गुरूद्वरा डाकरा में 53 दिनों से लगातार जारी है लंगर सेवा

**संवाददाता** देहरादून। पिछले 53 दिनों से गुरूद्वरा साहिब डाकरा देहरादून द्वारा लगातार प्रशासन को सहयोग करते हुए गरीब, असहय लोगों के लिए भोजन के पैकेट उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जिससे कैंट थाना क्षेत्र के गरीबो को बहुत ही लाभ मिल रहा है। गुरूद्वरा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य देवेंद्र पाल सिंह ने जनकारी दी कि गरुद्वारे में सेवादारों द्वारा निःस्वार्थ सेवा की जा रही है। कैंट विधायक हरबंस कपूर भी आज गुरूद्वरा डाकरा में पहुँचे तथा लंगर घर में सेवा करते हुए लंगर बनाने में सहयोग किया, साथ ही प्रबन्धक कमेटी का आभार प्रकट किया। उन्होंने सिख समाज की तारीफ करते हुए कहा सिख कौम सेवा वाली कौम है।

### टेक्नो ऑल–राउंड परफॉर्मर 'टेक्नो स्पार्क 5' के लॉन्च की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। वैश्विक प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो ने अपनी लोकप्रिय और कामयाब स्पार्क सीरीज के तहत एक और ऑल–राउंड परफॉर्मर 'टेक्नो स्पार्क 5' के लॉन्च की घोषणा की है। टेक्नो स्मार्टफोन किफायती सेगमेंट में श्रेणी–में–सर्वश्रेष्ठ डिजाइन, डिस्प्ले, कैमरा अनुभव और स्मार्टफोन का बेहतरीन समग्र अनुभव पेश करेंगे।

## कैबिनेट बैठक

### 5वें वित्त आयोग ने जारी किए 852 करोड़ रुपये

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पर मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इसमें कई फैसले लिए गए। इसमें बताया गया कि 15वें वित्त आयोग के द्वारा 852 करोड़ रुपये जारी हुए हैं।

15 वे वित्त आयोग के द्वारा 852 करोड़ रुपये जारी हुए। छावनी बोर्ड की निकायों को भी मिलेगा 15वे वित्त आयोग का बजट। निकायों के बजट में से 3.54 प्रतिशत बजट छावनी निकायों को बजट मिलेगा। त्रिस्तरीय पंचायतों में भी ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत को 15 वित्त आयोग का बजट आवंटित होगा। ग्राम प्रधानों को मिलेगा 15 वित्त आयोग से 75 फीसद बजट, क्षेत्र पंचायतों को मिलेगा 10 फीसद बजट और जिला पंचायतों को 15 फीसद का बजट मिलेगा। उत्तराखंड चकबन्दी एक्ट की नियमवली की संस्तुति को कैबिनेट ने दी मंजूरी। उत्तराखंड जोत चकबंदी एवं भूमि व्यवस्था नियमावली 2020 दिया गया नाम। पेयजल निगम में निदेशक की नियुक्ति की अहर्ता में किया गया बदलाव। लॉक डाउन के दौरान शराब की दुकानें बंद रहने के कारण अधिभार किया गया माफ। मार्च महीने में 34 करोड़ रुपये सरकार ने किया अधिभार माफ। अप्रैल महीने में 195 करोड़ रुपये माफ किये गए।

# राज्य के पर्वतीय जनपदों में अब बढ़ रहा कोरोना का कहर

**कोरोना संकट**

**उत्तराखंड में बढ़ रहा कोरोना संक्रमण, आंकड़ा पहुंचा 132 तक | टिहरी में पांच युवकों में कोरोना की पुष्टि**

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना का संक्रमण लगातार गहराता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी बुलेटिन में प्रदेश में अब तक 132 लोग संक्रमित हो चके हैं, जबकि 54 लोग ठीक भी हुए हैं। वहीं, बीते रोज राज्य में कोरोना के रिकॉर्ड 19 और मामले सामने आए हैं। इनमें छह संक्रमित टिहरी, चार ऊधमसिंह नगर से और दो–दो मरीज नैनीताल, देहरादून व उत्तरकाशी से हैं, जबकि हरिद्वार और अल्मोड़ा में भी एक–एक पॉजिटिव केस सामने आए हैं। इसके अलावा एम्स ऋषिकेश में भर्ती बिजनौर निवासी व्यक्ति कोरोना संक्रमित मिला है। पिछले 12 दिन में प्रदेश में कोरोना के 67 मामले सामने आ चुके हैं। राज्य के पर्वतीय जनपदों में अब कोरोना का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

गुरुवार को टिहरी जिले में पांच, उत्तरकाशी में एक और देहरादून में एक नए मामले कोरोना संक्रमण के सामने आए हैं। टिहरी जिले में पांच युवकों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। ये सभी युवक मुंबई से आए थे। वहीं, उत्तरकाशी जिले की पुरोला तहसील के अंतर्गत आने वाले भंकोली गांव निवासी एक युवक की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जबकि दून के पटेलनगर स्थित निरंजनपुर सब्जी मंडी में एक आढ़ती की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। व्यक्ति मंडी में आढ़ती का काम करता है। गुरुवार को ही कोरोना पॉजिटिव के सात मामले सामने आ चुके हैं।

**टिहरी में पांच युवकों में कोरोना की पुष्टिः** टिहरी जिले में पांच युवकों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। ये सभी युवक महाराष्ट्र से 16 मई को चले थे। 18 मई को रात्रि ये सभी बस से पूर्णानंद मैदान मुनिकिरेती ऋषिकेश पहुंचे थे, जहां पर डॉक्टरों की टीम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया था। 19 मई को सैंपल जांच के लिए एम्स ऋषिकेश अस्पताल भेजा गया था। गुरूवार को सभी पांच युवकों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। एसडीएम युक्ता मिश्रा ने इसकी पुष्टि की।

**उत्तरकाशी में आया कोरोना पहजिटिव का एक और मामला**

उत्तरकाशी जनपद में कोरोना पॉजिटिव का एक और मामला सामने आया है। उत्तरकाशी में अभी तक छह मामले सामने आ चुके हैं। गुरुवार को दून मेडिकल कॉलेज की जांच रिपोर्ट में उत्तरकाशी जिले की पुरोला तहसील के अंतर्गत आने वाले भंकोली गांव निवासी 20 वर्षीय युवक की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम युवक को आइसोलेशन करने के लिए जिला अस्पताल ला रही है।

### निरंजनपुर सब्जी मंडी में आढ़ती कोरोना पॉजिटिव

दून के पटेल नगर स्थित निरंजनपुर सब्जी मंडी में एक आढ़ती की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। व्यक्ति मंडी में आढ़ती का काम करता है। बुखार और खांसी की दिक्कत के चलते उसे 19 मई को महंत इंद्रेश अस्पताल में भर्ती कराया गया। 20 मई को व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। डीआईजी अरुण मोहन जोशी ने सीओ सदर अनुज कुमार को तुरंत आढ़ती के संपर्क में आए लोगों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं। वही एक–दो दिन में मंडी बंद कर सैनिटाइज का काम भी करवाया जा सकता है।

# मैदान के बाद अब पहाड़ में भी चढ़ने लगा पारा

**मौसम**

■ पर्वतीय क्षेत्रों में अधिकतम पारा सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक

■आने वाले दिनों में पारे में और उछाल आने की संभावना

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में इन दिनों आसमान साफ है और पारा तेजी से बढ़ रहा है। मैदानों में झुलसाती गर्मी पड़ने लगी है तो पहाड़ों में भी पारा चढ़ रहा है। प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में अधिकतम पारा सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। अधिकतर पहाड़ी शहरों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में पारे में और उछाल आने की संभावना है।

गुरुवार को उत्तराखंड में सुबह से ही मौसम साफ रहा। गढ़वाल और कुमाऊं के पर्वतीय जिलों के साथ ही मैदानी क्षेत्र में सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकल रही है। इससे तापमान में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। साथ ही लोग गर्मी से बेहाल होने लगे हैं। मैदानों में धूप के साथ गर्म हवा के थपेड़े लोगों का बेहाल कर रहे हैं। साथ ही पहाड़ों में भी चढ़ते पारे ने बेचौनी बढ़ा दी। मसूरी, टिहरी, उत्तरकाशी, चंपावत व अल्मोड़ा में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। पिथौरागढ़ में तो यह 30 से अधिक बना हुआ है।

**बाजारों में एसी, कूलर व पंखों की बिक्री बढ़ी**

गर्मी बढ़ने के साथ ही बाजारों में एसी, पंखों और कूलर की बिक्री भी बढ़ गई है। लॉकडाउन में छूट के दौरान अब बाजार खुलने लगे तो पंखों और कूलरों की दुकानों में भी काफी संख्या में ग्राहक नजर आने लगे हैं।



### अभी और सताएगी गर्मी

बुधवार को रुड़की प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के मुताबिक फिलहाल उत्तराखंड में मौसम साफ बना रहेगा। तापमान में अभी और इजाफा होने की संभावना है।

### जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों पर लगी रोक हटाये जाने का अनुरोध

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने जिलाधिकारी एवं मुख्य नगर आयुक्त देहरादून को पत्र लिखकर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों पर लगी रोक हटाये जाने का अनुरोध किया है। बाजारों का समय प्रातः नौ बजे से सांय छह बजे तक किया जाये। यहां जारी एक बयान में दोनों प्रशासनिक अधिकारियों को लिखे पत्र में लालचन्द शर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते लगाये गये लॉकडाउन में नगर निगम प्रशासन द्वारा विगत 15 मार्च 2020 से जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का काम बंद किया गया है। जिससे लोगों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पत्र के माध्यम से संज्ञान में लाना है कि लॉकडाउन के मध्य मरे लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न होने के कारण कई लोगों को पेंशन, बीमा आदि के मामले लटक गए हैं। उन्होंने पत्र में कहा कि इसी प्रकार जन्म प्रमाण पत्र न बनने से छात्रों का स्कूल में दाखिला नहीं हो पा रहा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+






Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।